# 12 गांव पानी से घिरे, ग्रामीणों का रेस्क्यू

## जिले के सबलगढ़ में चंबल का जलस्तर खतरे के निशान से 3 फीट ऊपर पहुंचा

**मुरैना 31 जुलाई. जिले के सबलगढ़ में चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान 138 फीट से 3 फीट ऊपर बढ़कर बह रहा है. इससे करीब 12 गांवों को पानी ने चारों ओर से घेर लिया है.**

राड़ी गांव के 15 लोगों का एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया. चंबल नदी का राजघाट पर जलस्तर बढ़कर 143 फीट हो गया है. लक्ष्मणपुर गांव में चंबल का पानी भर गया है. 24 घंटे बाद भी चंबल का जलस्तर कम होने का नाम नहीं ले रहा है. ग्रामीण अपने-अपने घरों में कैद होकर



रह गए हैं. रेस्क्यू किए गए लोगों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था प्रशासन ने की है. चंबल नदी 2022 के रिकॉर्ड को तोड़कर अब 2019 के आंकड़े की ओर बढ़ रही है. एसडीएम अरविंद माहौर ने बताया कि सभी ग्रामवासी अपने-अपने गांव में सुरक्षित हैं. उनके आने-जाने के लिए एसडीआरएफ की नाव लगवा दी गई है. चंबल नदी के जलस्तर पर निगरानी लगातार बनी हुई है. जल संसाधन विभाग ने अटार घाट पर खतरे के निशान 138 फीट से जलस्तर और बढ़ने की स्थिति बताई है. पंचायत के पटवारी, सचिव एवं चौकीदार को निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं.

**पांच गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू:** चंबल नदी में आई बाढ़ की विभीषिका में टापू बने करजोनी व भर्रा गांव से पांच गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है. चंबल के रौद्र रूप को देखते हुए प्रशासन ने मुरैना जिले में विभिन्न स्थानों पर 60 सेफ हाउस बनाए हैं.

### तेज बारिश में स्कूल की दीवार गिरी, टला बड़ा हादसा

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ रहे हैं. बारिश के कारण सबलगढ़ तहसील के रामपुर कला गांव स्थित शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल की एक दीवार अचानक भरभराकर गिर गई. गनीमत रही कि हादसे के समय स्कूल बंद था, क्योंकि अधिक बारिश के चलते स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया गया था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन में बच्चों की उपस्थिति के दौरान होता, तो एक बड़ा नुकसान हो सकता था. दीवार गिरने से स्कूल भवन जर्जर स्थिति में आ गया है. ग्रामीणों ने जल्द से जल्द स्कूल भवन की मरम्मत और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है. गिरी हुई दीवार स्कूल परिसर के उस हिस्से की थी जो जंगल की ओर है, जिससे अब स्कूल का परिसर पूरी तरह खुल गया है. यह इलाका श्योपुर के जंगलों से लगा हुआ है, जहां अक्सर जंगली जानवर देखे जाते हैं. दीवार गिरने के बाद छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. प्राचार्य आदिराम भारती ने बताया कि भवन का मुख्य भाग सुरक्षित है, लेकिन टॉयलेट और जंगल की ओर की दीवार गिर गई है. उनसे पूछा गया कि अब तक कार्य क्यों नहीं कराया गया, तो उन्होंने कहा कि अब विभाग को इसकी जानकारी दी जाएगी.

# तस्करों को दबोचा, 7500 अल्प्राजोलम गोलियां और 7 किलो डोडाचूरा जब्त

नवभारत न्यूज

**मंदसौर. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत मंदसौर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. नईआबादी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशे की गोलियां और डोडाचूरा जब्त किया है.**

गिरफ्तार आरोपियों में लोकेश बंजारा (21) निवासी सावनकुंड, मनासा और विक्रम बंजारा (22) निवासी ग्राम केडी, मनासा शामिल हैं. दोनों के कब्जे से 7500 अल्प्राजोलम टेबलेट (500 पत्ते) जिसकी बाजार कीमत करीब 5 लाख रुपये है, तथा 7 किलो डोडाचूरा (कीमत लगभग 14 हजार रुपये) बरामद किया गया है. इसके साथ ही एक बिना नंबर की पल्सर बाइक (कीमत 1 लाख रुपये) भी जब्त की गई. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल व सीएसपी जितेन्द्र सिंह भास्कर के निर्देशन में थाना प्रभारी वरुण तिवारी के नेतृत्व में की गई.

टीम में उनि महेन्द्रसिंह यादव, प्रआर गगन राठौर, उमंग शर्मा, आरक्षक विनीत घारु व संदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही.

## अब नहीं होंगे कैंट बोर्ड मेंबर्स के चुनाव

**जबलपुर,** लंबे समय से अटके कैंट बोर्ड मेंबर्स (वार्ड पार्षदों) के चुनाव अब नहीं होंगे. रक्षा मंत्रालय ने संसद में स्पष्ट कर दिया है कि सिविल एरिया को निकायों में विलय की प्रक्रिया के चलते चुनाव कराना फिलहाल संभव नहीं है. इससे जबलपुर समेत देशभर के कैंट इलाकों में राजनीति कर रहे दलों और नेताओं में मायूसी फैल गई है. दरअसल, बीते कुछ महीनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि रक्षा मंत्रालय कैंट बोर्ड के वार्ड पार्षदों का चुनाव कराने की दिशा में विचार कर रहा है. इसके संकेत भी मिलने लगे थे, जिसके चलते जबलपुर कैंट क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां बढ़ने लगी थीं.

# 3 अवैध कॉलोनियों के निर्माण किए ध्वस्त

**भूखण्ड को विभक्त कर सीमा चिन्ह का निर्माण किया था**

**रीवा, 31 जुलाई, शहर में अवैध कॉलोनियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है. उसके बाद भी अवैध कॉलोनी काटी जा रही है. गुरूवार को नगर निगम के दल ने अलग-अलग वार्डो में तीन अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही करते हुए रोड और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया. यह कार्यवाही कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई.**

जोन क्र. 4 वार्ड क्र. 26 लालन टोला कोलान बस्ती के पीछे राजस्व ग्राम समान, तहसील हुजूर में भूमि



स्वामी राकेश नामदेव पिता दुर्गा प्रसाद नामदेव एवं प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा के द्वारा अनाधिकृत कालोनी बनाने का कार्य किया जा रहा था. इसी प्रकार वार्ड 26 बहुरियन तालाब के पास खसरा क्र. 130 जुज रकवा 0.2468 हे. के भूमि स्वामी जलज कुमार पटेल पिता राजमणि पटेल बगैरह द्वारा अवैध कालोनी में रोड, भूखण्ड को विभक्त कर सीमा चिन्ह का निर्माण किया गया था जिसे उखाडने की कार्यवाही की गई. साथ ही वार्ड क्र. 26 बहुरियन तालाब के पास ही खसरा क्र. 144 का कुल जुज रकवा 0.559 हे. के भूमि स्वामी जितेन्द्र सिंह पिता विजय सिंह एवं विनोद कुमार त्रिपाठी पिता स्व. सूर्यभान त्रिपाठी वगैरह एवं उनके प्रतिनिधि के द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी बनाने का कार्य किया जा रहा था.

# दूषित पानी से उल्टी-दस्त, कई लोग प्रभावित

**अनेक लोग बीमार होकर अस्पताल में हुए भर्ती**

**सिंगोली 31 जुलाई. सिंगोली तहसील क्षेत्र के नजदीकी गांव पिपलीखेड़ा में विगत दो दिन से उल्टी दस्त की बिमारी जबरदस्त तरीके से फैल रही है.**

मिली जानकारी के अनुसार लगभग सौ से अधिक लोग उल्टी दस्त से ग्रसित होकर सिंगोली बेगूं ओर भिलवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती हे. ग्राम के सुरेश धाकड़ ओर खेमराज बंजारा ने बताया कि दो दिन से अचानक गांव में उल्टी दस्त का प्रकोप बढ़ गया ओर घर घर मे लोग उल्टी दस्त की चपेट मे आ रहे हैं. बीमारी का कारण गांव



वाले दुषित पानी को बता रहे हैं. पिपलिखेड़ा में बिमारी फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा तहसीलदार पटेल एवं नायब तहसीलदार मकवाना भी गांव में पहुंचे और गांव के लोगों से मिलकर जानकारी ली तथा ग्रामीणों को प्रशासन की ओर से पुरी तरह मदद की बात कही ओर बिमार लोगों को अच्छा इलाज मिले ऐसा संबंधित कर्मचारीयो को निर्देश दिए. स्वास्थ्य विभाग भी जानकारी के बाद सजग हो गया है. वही पी एच ई विभाग भी पानी का सेम्पल लेकर जांच करवा रहा है ऐसी जानकारी मिली है.

### टीम को भेजा है..

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश मीणा ने बताया कि सुबह ही मुझे जानकारी मिली है स्वास्थ्य अवल की टीम को गांव में भेज दिया गया फिलहाल उल्टी दस्त के दो मरीज भीलवाड़ा एक मरीज बेगु अस्पतालों में उपचाररत है और 8 मरीजों का लाज सिंगोली स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है जो सभी स्वस्थ हैं. प्रारंभिक सर्वे में बीमार होने की वजह दूषित पानी पीने की सामने आ रही है जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत को दी है स्वास्थ्य अवल की टीम घर-घर जाकर ग्रामीणों की जांच कर रही है.

# अवैध संबंधों के शक में पिता-पुत्र ने की हत्या

**कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा**

**बैड़ियां थानाक्षेत्र की घटना, दो साल पुराना मामला**

**खरगोन 31 जुलाई. अवैध संबंधों के संदेश में हत्या करने वाले पिता- पुत्र को न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर दंडित किया है. जघन्य एवं सनसनीखेज अपराध को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास तथा उसके पिता को चार वर्ष के कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई है.**

यह हत्या 18 फरवरी 2022 को बैड़ियां थानाक्षेत्र में की गई थी. प्रकरण में पैरवीकर्ता डीपीओ महेन्द्र भानुप्रिया, विशेष लोक अभियोजन अधिकारी मण्डलेश्वर विजय जमरा ने बताया कि गीताबाई भिलाला ने थाने पर सूचना दी थी, पति सीताराम दीपक गुर्जर का शव नाले की पुलिया के नीचे लहुलुहान पड़ा हुआ है. वह खेत में गेहूं फसल को पानी देने गए थे. शव के पास मृतक की बाईक भी खड़ी थी. शरीर पर चोंटे निशान और खून नजर आने पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था.

प्रकरण में तत्कालीन थाना प्रभारी ने मर्ग जांच के दौरान बारीकि से अनुसंधान किया, जिसमें दीपक पिता कडवाजी मानकर और उसके पिता कडवाजी पिता गोकुल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था. प्रकरण में आरोपियों ने मृतक सीताराम के अवैध संबंध से नाराज होकर हत्या करने का अपराध कबूला था. मुख्य आरोपी दीपक था, जिसने अवैध संबंधों के चलते खुद को अपमानित महसूस करते हुए आक्रोशित होकर सीताराम को पकड़कर उसके साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी. इस हत्याकांड में उसके पिता कड़वा ने भी मदद की थी. पुलिस ने प्रकरण को जघन्य, सनसनीखेज एवं चिन्हित श्रेणी में शामिल करते हुए आवश्यक अनुसंधान के के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया. जहां विशेष न्यायाधीश मण्डलेश्वर ने दीपक पिता कड़वाजी को आजीवन कारावास व कड़वा पिता गोकुल को चार वर्ष का कारावास की सजा सुनाई.

# कांग्रेस विधायक के फार्म हाउस पर मजदूर की बेरहमी से पिटाई

**रीवा 31 जुलाई. जिले में कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा पर बड़ा आरोप सामने आया है. मिश्रा पर आरोप है कि उनके ही फार्महाउस पर बंधक बनाकर गरीब मजदूर की बेहरमी से पिटाई गई.**

घटना दो दिन पुरानी है. जहां चोरहटा थाना क्षेत्र में मजदूर अभिषेक तिवारी के साथ विधायक मिश्रा के लोगों ने मारपीट की. इस मामले में पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं. पीडित के खिलाफ ही पुलिस ने गैर जमानती वारंट एक घंटे के अंदर जारी किया है. पीड़ित अभिषेक तिवारी के अनुसार विधायक के लोगों से मामूली विवाद होने पर उन्हें बंधक



बनाकर पीटा गया. इस दौरान पुलिस ने भी पीडित के खिलाफ कार्रवाई की है. अभिषेक तिवारी के पूरी शरीर पर चोट के निशान सामने आए हैं. तिवारी का कहना है कि इस मामले में विधायक अभय मिश्रा ने भी खुद यह स्वीकार किया है कि उनके लोगों ने तिवारी के साथ मारपीट की है. पीडित के अनुसार आरोपियों ने करीब दो घंटे तक उन्हें बांधकर बेरहमी से पिटाई की.

# सुपारी देकर बहन ने कराई भाई की हत्या

**पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने का किया दावा**

**3 आरोपी गिरफ्तार गला घोटकर किया था मर्डर**

**सिंगरौली 31 जुलाई. गोपद नदी के किनारे ताल गांव में एक जुट के बोरे में अज्ञात शव 12 जुलाई को मिला था. लंघाडोल पुलिस ने जांच शुरू कर दी. मृतक की मौत गला घोट कर किये जाने की पुष्टि हुई है.**

देवसर एसडीओपी गायत्री तिवारी ने उक्त सनसनीखेज अंधी हत्या गुत्थी का खुलासा करते हुये बताया कि मृतक शव की शिनाख्त छत्तीसगढ़ प्रांत के ग्राम मुर्किल थाना कोटाडोल के शिवप्रताप सिंह गोड़ ने किया और लंघाडोल पुलिस को बताया कि मृतक भैयालाल सिंह उर्फ लालबहादुर सिंह निवासी मुर्किल की है और उसकी हत्या का शक उसी की बहन फूलमति सिंह उर्फ करियालाटी पर संदेह व्यक्त किया. इसी आधार पर पुलिस टीम के साथ मृतक के घर पहुंच आस पड़ोस से पूछताछ किया. जहां पता चला कि 8 जुलाई से भैयालाल एवं एक सप्ताह पूर्व उसी के घर से दो व्यक्ति उसी दिन से लापता थे.

एसडीओपी ने आगे बताया कि इस संबंध में मृतक के बहन से पूछतांछ की गई. पहले तो उसने साफ तौर पर मना कर दिया और जब सख्ती के साथ पूछतांछ की गई तो फूलमति ने बताया कि मृतक गांजा व शराब पीने का आदि था और आये दिन नशे में अपनी बहन के साथ विवाद कर मारपीट करते हुए मां का हाथ तोड़ दिया था और नशे के चलते अपनी बहन फूलमति को भी परेशान करता था. ऐसे में बहन ने भाई को मारने के लिए कैलाश सिंह व भूपत सिंह निवासी रोकड़ छग. प्रांत को पैसा देकर हायर की. जहां उक्त आरोपी 3 से 8 जुलाई तक मृतक के घर रूके थे. 8 जुलाई के दोपहर में मृतक को खुब शराब पिलाकर बेसूध कर दिया और इसके बाद आरोपियों ने मिलकर गला घोट कर हत्या कर शव को बोरे में भरकर रात में मोटरसाइकिल के सहारे गोपद नदी में फेंक दिया. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश की है.

# 14 वर्ष के बालक की मौत के मामले में अवैध क्लिनिक सील

**दो लोग अवैध चिकित्सा व्यवसाय करते पाए गए**

**रतलाम 31 जुलाई. उपचार के बाद मृत्य होने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की हैं. स्वास्थ्य प्रशासन का दल पहुंचा और अवैध क्लिनिक को सील किया गया. वहीं सरवन थाने में एफआईआर दर्ज की गई हैं.**

पप्पू पिता हुकिया खराड़ी उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम सांकड़ की अवैध चिकित्सक द्वारा उपचार किए जाने के कारण मृत्यु होने संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी. इस क्रम में अनुविभागीय अधिकारी सैलाना के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरवन के डॉ रविन्द्र डामोर की अध्यक्षता में टीम गठित की गई. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे बताया कि रतलाम जिले में सरवन क्षेत्र में 14 वर्षीय बालक पप्पू पिता हुकिया खराड़ी निवासी ग्राम सांकड़ की मृत्यु के मामले में डॉ रविंद्र डामोर द्वारा सरवन थाने पर एफ आई आर दर्ज कराई गई है.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे में बताया कि नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधान अनुसार अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही हो रही है. इस क्रम में ग्राम अडवानिया में महादेव चौराहे पर दो लोग अलग-अलग स्थान पर अवैध चिकित्सा व्यवसाय करते पाए गए है.

# पूर्व विधायक के घर में युवती की मौत!

## मृतका की मां ने 13 घंटे में दिए 4 विरोधाभासी बयान, पुलिस की जांच जारी

**सतना 31 जुलाई. चित्रकूट में कांग्रेस के पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी के घर में घरेलू कार्य करने वाली युवती की मौत का मामला उलझता जा रहा है. इस मामले में जहां मृतका की मां ने 13 घंटे में 4 बयान दिए हैं. वहीं भाई का कहना है कि उसकी बहन आत्महत्या नहीं कर सकती.**

चित्रकूट में मंगलवार शाम नीलांशु चतुर्वेदी के घर में सुमन ने रिवॉल्वर से गोली मारकर सुसाइड किया था. घर की तीसरी मंजिल पर बने बाथरूम में उसका शव मिला था. गोली चलने की आवाज सुनकर लोग बाथरूम पहुंचे. गोली लड़की के कनपटी पर लगी थी, जहां से तत्काल उसे कुंड अस्पताल ले गए, वहां उसकी मौत हो गई. घटना के समय पूर्व विधायक और उनका परिवार घर पर ही था. इस घटना पर पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी का कहना है कि सुमन और उसके परिवार की तीन पीढ़ियां उनके घर में काम करती रही हैं. उन्होंने बताया, मैं सुमन को अपनी बेटी की तरह मानता था. वहीं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि सुमन की शादी नवंबर में कटनी के एक युवक से तय थी. लेकिन वह किसी अन्य युवक से फोन पर बात करती थी. इसी बात पर मां ने उसे डांटा था. इसके बाद सुमन तीसरी मंजिल पर गई और रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली.

इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात मृतका सुमन की मां सुदिया निषाद के बयान के तौर पर सामने आ रही है. हैं. मां ने 13 घंटे में चार अलग-अलग बयान दिए हैं. मां ने अपने पहले बयान में कहा कि बेटी ने खुद सुसाइड किया, विधायक जी उसे अपनी बेटी की तरह मानते थे. उन्होंने ही बेटी का तिलक किया था और अब शादी के लिए गहने और बाकी सामान बनवाया था. जबकि मां ने दूसरा बयान एसपी के सामने देते हुए कहा कि सुमन मोबाइल में किसी से बात कर रही थी, मैंने डांटा तो खुदकुशी कर ली.

## बोदरी नदी में डूबने से दो बालकों की मौत

**छिंदवाड़ा.** कोतवाली थाना अंतर्गत कोलाढाना के पास बोदरी नदी में डूबने से 2 नाबालिग बच्चों की मौत हो गई. घटना आज दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है. जहां 4 से 5 दोस्त नहाने के लिए बोदरी नदी पहुँचे थे. उसी दौरान 2 बच्चे नदी के तेज बहाव में डूबने लगे. इस दौरान मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी ने उसे निकाल लिया. वहीं दूसरा बच्चा तेज बहाव में डूब गया. बताया जा रहा है कि गुलबारा के रहने वाले सभी मासूम बच्चे एक टोली बनाकर पानी में नहाने के बोदरी नदी पहुंचे थे. इसी दौरान 14 वर्षीय फनी वर्मा नदी में डूबने लगा. उसे साथ दिशांत चौरसिया भी डूब गया. जब बाकी दोस्तों ने इन्हें डूबते हुए देखा तो वो इनके घर बताने पहुंचे.

# नकली कीटनाशक से 115 किसानों की फसल नष्ट

**700 बीघा सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई**

**सुसनेर, 31 जुलाई. क्षेत्र में नकली कीटनाशक खुलेमाम बिक रही हैं इससे किसानों की फसल भी नष्ट हो रही हैं नकली खरपतवार नाशक दवाई के उपयोग से करीब 115 किसानों की 700 बीघा सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई.**

इस नुकसान की भरपाई और संबंधित कंपनी पर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को किसानों ने एसडीएम सर्वेश यादव, कृषि विभाग व स्थानीय पुलिस प्रशासन को ज्ञापन दिया है. ज्ञापन में बताया गया कि सुसनेर में पिड़ावा रोड इमली चौराहे पर एककीटनाशक की दुकान है.

जानकारी के अनुसार दुकान संचालक ने खरपतवार नाशक दवाई मंगवाकर करीब 115 किसानों को बेची थी. खेतों में खरपतवार तो नष्ट नहीं हुई, बल्कि सोयाबीन की फसलें चौपट हो गईं. इस बारे में संबंधित कंपनी के अधिकारियों को अवगत कराया गया. लेकिन अभी तक कोई जिम्मेदार निरीक्षण करने नहीं आया. इसलिए किसानों को फसल का सर्वे करवाकर कंपनी से तत्काल मुआवजा दिलवाया जाए तथा कंपनी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए.

**बैठक**

**हिदायत : भोपाल को बनाया जाए सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार का आदर्श शहर**

# तीन महीने में शहर की सुधारें यातायात व्यवस्था : सप्रे

**भोपाल, 31 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा है कि भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए.**

उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी 3 माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है. उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समन्वित प्रयासों की



आवश्यकता पर बल दिया. न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय भोपाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, निगमायुक्त हरेन्द्र नारायण, सीईओ स्मार्ट सिटी अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत ईला तिवारी एवं एडीएम अंकुर मेश्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाए, सीट बेल्ट उपयोग के प्रति जागरूकता लाई जाए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए, ताकि सड़कों पर छोटे वाहनों का दबाव कम हो सके. उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग सहित सभी शासकीय कर्मचारी वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करें. स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए.

### लगातार यातायात सुधार के प्रयास : कलेक्टर

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें नवाचार और जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं. उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा. पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा कि पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सक्रियता से कार्य करेगा तथा जागरूकता अभियान को गति देकर उसे प्रभावी बनाया जाएगा.

# उर्वरक के अवैध भंडारण और विक्रय करने वाले व्यापारी पर एफआईआर दर्ज

**झाबुआ 31 जुलाई. जिले में खरीफ मौसम अंतर्गत कृषको को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर सुगमता से उपलब्धता की दृष्टि से जिला स्तरीय गुण नियंत्रण दल गठित है.**

कलेक्टर नेहा मीना के द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुक्रम में गठित दल द्वारा सतत् भ्रमण कर कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कार्य प्रचलित है. निरंतरता में 30 जुलाई को झाबुआ विकासखंड के कल्याणपुरा क्षेत्र में अधिक दर एवं अनाधिकृत रूप से भंडारित उर्वरक के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर गठित दल जिसमें राजस्व व कृषि विभाग का



संयुक्त दल द्वारा कल्याणपुरा पहुंचकर, कल्याणपुरा पेटलावद रोड पर स्थित गोदाम में भंडारित उर्वरक के संबंध में जानकारी चाही जाने पर मौके पर उपस्थित कृषकगण एवं प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि उक्त गोदाम में अनाधिकृत रूप से उर्वरक भंडारित है तथा मनमाने भाव से बेच रहे है व बिल भी नहीं दिया जाता है. दल द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कल्याणपुरा के निवासी रवि राठौर के विरूद्ध पुलिस थाना कल्याणपुरा में एफआईआर दर्ज करवाई गई. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास झाबुआ एनएस रावत द्वारा बताया गया कि जिले के कृषको को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिला स्तर पर गठित गुण नियंत्रण दल द्वारा सतत् निगरानी रखी जा रही है. जिले के कृषक बंधुओं से यह अपील की जाती है कि अधिकृत, पंजीकृत कृषि आदान विक्रेताओं से ही आदान निर्धारित दर पर क्रय करे तथा पक्का बिल आवश्यक ले.